ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचने पर पीएम का काफिला इसी मॉडल के पास रुकेगा

वीआईपी प्रवेश द्वार पर सजेगा ब्रह्मोस का मॉडल

मॉडल में दिखेगी सरोजनीनगर में बन रही सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की लैब | प्रदर्शनी में रक्षा उत्पादों में निवेश की संभावनाओं को बताया जाएगा

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में यूपी तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है। तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में यह संदेश देने के लिए ब्रह्मोस का मॉडल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सज रही प्रदर्शनी के गेट पर ही लगाया जाएगा। तीन जून को लामार्टिनियर ग्राउंड हैलीपैड पर उतरकर लोहिया पथ होते हुए आईजीपी पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला इसी मॉडल के पास आकर रुकेगा।

मॉडल में सरोजनीनगर में बन रही सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की लैब, टेस्टिंग सेंटर व निर्माण यूनिट की झलक देखने को मिलेगी। वहीं, प्रदर्शनी के भीतर डीआरडीओ के स्टॉल में रक्षा उत्पादों में निवेश की संभावनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस बाबत सोमवार को डीएम अभिषेक प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देशित किया।

गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। -संवाद

भटगांव में बन रही है निर्माण यूनिट

डीआरडीओ ने इस परियोजना के लिए 200 एकड़ जमीन मांगी थी। इसके पहले चरण में 300 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। भटगांव में निर्माण यूनिट तैयार की जा रही है। इसके साथ प्रदेश के ओडीओपी उत्पादों की झलक भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में देखने को मिलेगी।

वीवीआईपी के लिए बन रहा सुरक्षा चक्र

एसपीजी के अधिकारियों ने डीएम अभिषेक प्रकाश व पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर व अन्य अफसरों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को लेकर बैठक की। वहीं, वीवीआईपी उद्योगपतियों के लिए भी पुलिस बल की ओर से सुरक्षा चक्र पर मंथन जारी है।